# भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति, लखनऊ

## ग्रामान्चल एवं निर्धन जन-सेवा प्रकोष्ठ

**वर्ष 2024-25.**

"भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति" "भावना" के ग्राम्यांचल एवं निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष सत्र 2024-25 में भी ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्बल, असहाय, निर्बल वरिष्ठ जनों, विधवा महिलाओं, दिव्यांग-जन को ऊनी कम्बल, पुराने कपड़े आदि का वितरण क्षेत्र के संभ्रान्त जनों का सहयोग से सम्पन्न किया गया।

**सत्र का पहला शिविर** ग्राम बरगदही कला तहसील बी० के० टी० में दिनांक 25-12-2024 दिन बुधवार को आयोजित किया गया। इस शिविर में "भावना" के सदस्यों द्वारा लगभग 100 ऊनी कम्बलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भावना के वरिष्ठ सदस्य ई0 प्रभात किरण चौरसिया एवं ई0 जगमोहन लाल जयसवाल जी द्वारा उपस्थित जन समुदाय को राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा जनहित कारी योजनाओं को विस्तार रूप से बताया गया तथा इन योजनाओं से प्राप्त होने वाले लाभ और योजना में कैसे शामिल हुआ जाय, इस पर भी प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्राम प्रधान / सहयोगी श्री दीन बंधु यादव का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा।

इस कार्यक्रम में भावना" की ओर से निर्धन जन सेवा के संयोजक ई० सुधीर कुमार वर्मा, ई0 प्रभात किरण चौरसिया संयोजक कार्यक्रम, ई0 जग मोहन लाल जयसवाल महासचिव कार्यान्वयन, श्री सुनील कुमार उप्रेती, श्री आदित्य प्रताप सिंह, श्री दीनबंधु यादव श्री रामसजीवन शुक्ला सहित अनेक गणमान्य जन एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

**इस सत्र का दूसरा शिविर** ग्राम पुरहिया विकास खण्ड- मोहन लालगंज में दिनांक 29-12-2024 को आयोजित किया गया। शिविर के प्रारंभ में ई0 जग मोहन लाल जयसवाल द्वारा सरकारी निधन एवं विकलागों के लिए आवश्यक जानकारी देते हुये "भावना" संस्था द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं/ कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इस शिविर में ग्राम पुरहिया के ग्राम प्रधान श्री प्रभाकर त्रिवेदी का अत्यधिक सहयोग प्राप्त हुआ तथा कुल 108 नग ऊनी कम्बल वितरित किये गए तथा सदस्यों द्वारा गर्म पुराने कपडे आदि भी ग्राम के गरीबों को वितरित किए गए भावना संस्था की तरफ से ई0 प्रभात किरण चौरसिया, ई0 जग मोहन लाल जय सवाल, श्री एस० एन० श्रीवास्तव, श्री आदिल प्रकाश सिंह एवं श्री एस० के० वर्मा के साथ अनेक गणमान्य एव ग्राम के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। जनसेवक श्री अनिल खन्ना का विशेष योगदान रहा।

**इस सत्र का तीसरा शिविर** दिनांक 14-1-205 को "खिचडी" महापर्व पर ग्राम शमसुद्दीन पुर विकासखण्ड - हसनगंज एवं तहठील- हसनगंज जनपद उन्नाव में आयोजित हुआ। इस शिविर के आयोजन में मुख्य भूमिका श्री राम स्वरूप यादव सचिव-भावना की रही जिनके द्वारा ग्राम शमसुद्दीनपुर के साथ निकटवर्ती ग्रामों के भी निर्धन, गरीब, विधवा एवं विकलांग जनों को लाभार्थी बनाया गया था। इस ग्राम में कुल 108 कम्बलों का वितरण किया गया तथा भावना के सदस्यों द्वारा पुराने गरम स्वेटर कपडे भी ग्राम के गरीब लोगों को वितरित किया गया। इस शिविर में कड़ाके की ठंड के वावजूद ग्राम में स्थापित सांई-मंदिर प्रागंण में इकठ्ठा हुये जन-समुदाय को देखकर सदस्यों में बहुत ही हर्ष रहा तथा ग्राम के कई वरिष्ठ जनों द्वारा इस प्रकार के आयोजन तथा निर्बल, गरीब , अपंग, विधवा लोगों के प्रति "भावना" संस्था के सहायता- उद्देश्य की भूरि २ प्रशंसा भी की गई। शिविर में "भावना" संस्था की तरफ से श्री जगमोहन लाल जयसवाल, श्री राम सजीवन, श्री दीन बंधु यादव, श्री फतेह चन्द, श्री अमर नाथ धवन, श्री आदित्य प्रकाश सिंह, श्री प्रभात किरन चौरसिया भी उपस्थित रहे।

**इस सत्र का चौथा शिविर** दिनांक 24 जनवरी 2025 को ग्राम ऐन, सरोजनी नगर लखनऊ में लगभग 108 कम्बल का वितरण ई० टी०एन० कन्नौजिया जी के नेतृत्व में किया गया है

भावना के ग्राम्यांचल एवं निर्धन -जन सेवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दिनांक 24.01.2025 दिन शुक्रवार को विकास खण्ड एवं तहसील सरोजनी नगर जनपद लखनऊ के ग्राम ऐन में शीतकालीन सहायता शिविर आयोजित

किया गया। कैम्प में प्रकोष्ठ के संयोजक श्री सुधीर कुमार वर्मा , अध्यक्ष श्री राम लाल गुप्ता , उपाध्यक्ष श्री टी.एन. कनौजिया , श्री अमरनाथ धवन, श्री प्रभात किरण चौरसिया, श्री जगमोहन लाल जायसवाल, श्री आदित्य प्रकाश सिंह, श्री राम मूर्ति सिंह, श्री विनोद कुमार कपूर, श्री सुनील कुमार उप्रेती, डा.राम संजीवन शुक्ला , श्री प्रकाश सिंह तथा ग्राम के संभ्रांत व्यक्ति श्री सुनील कुमार सिंह , श्री सर्वेश कुमार , श्री अविनाश कुमार , श्री राजेन्द्र कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर भावना के प्रतिनिधियों द्वारा ग्राम सभा ऐन के मज़रा करनी खेड़ा , काजी खेड़ा और कंजा खेड़ा पूर्व चयनित गरीब बुजुर्गों , विकलांग एवं विधवाओं  को शीत ऋतु में ठंड से बचाव हेतु 110 (एक सौ दस) अदद नये ऊनी कम्बल वितरित किए गए।

**इस सत्र का पांचवा शिविर** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के दिन, 76वें गणतंत्र दिवस का जश्न अनौपचारिक शिक्षा केंद्र में मनाया गया। हर साल की तरह, इस साल भी संत गाडसे जलाशय पार्क, रतन खंड में अनौपचारिक शिक्षा केंद्र में गणतंत्र दिवस मनाया गया। यहाँ लगभग 55 गरीब बच्चे, जिनके अभिभावक श्रमिक वर्ग से हैं, निशुल्क प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करते हैं।

इस केंद्र को भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति (भावना) द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। भावना के अध्यक्ष श्री आरएल गुप्ता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर भावना के पूर्व अध्यक्ष श्री वीके शुक्ला, संस्थापक सदस्य श्री एसएस सक्सेना, उपाध्यक्ष श्री टीएन कन्नौजिया, विशिष्ट सदस्य श्री आरपी जायसवाल, श्रीमती नीना अग्रवाल, श्री अमरनाथ प्रमुख संपादक भावना संदेश, श्री आरपी सिंह और भावना के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बच्चों द्वारा एक उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों को 54 ऊनी स्वेटर/शॉल वितरित किए गए और उनके माता-पिता को निर्धन जन सेवा कार्यक्रम के तहत 26 ऊनी कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन सभी को मिठाइयाँ वितरित करने और बच्चों को उपहार और नाश्ता वितरित करने के साथ हुआ।

**इस सत्र का छठवां शिविर** भावना के ग्राम्यांचल एवं निर्धन -जन सेवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दिनांक 28.01.2025  दिन मंगलवार को विकास खण्ड एवं तहसील मोहनलालगंज जनपद लखनऊ के ग्राम शेरपुर में शीतकालीन सहायता शिविर आयोजित किया गया। कैम्प में प्रकोष्ठ के संयोजक ई0 सुधीर कुमार वर्मा, ई0 अमरनाथ धवन, श्री आदित्य प्रकाश सिंह, ई0 राम मूर्ति सिंह , ई0 विनोद कुमार कपूर, श्री सुनील कुमार उप्रेती एवं ग्राम के संभ्रांत व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्य श्री जगदीश सिंह, सुश्री स्वाति सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर भावना के प्रतिनिधियों द्वारा ग्राम के चयनित गरीब बुजुर्गों, विकलांग एवं विधवाओं को शीत ऋतु में ठंड से बचाव हेतु 108 अदद नये ऊनी कम्बल वितरित किए गए। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

भावना संस्था से कार्यों से प्रेरित होकर मुंबई की प्रख्यात एमबीए इंस्टीट्यूट के तीन छात्र श्री प्रांशु, सुश्री रिदा एवं सुश्री महिमा द्वारा भी अपने एक माह का एनजीओ के साथ प्रशिक्षण कोर्स प्रारंभ किया और भावना संस्था के क्रिया कलापों के बारे में जानकारी की और कार्यक्रम में सक्रिय योगदान किया। भावना संस्था उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

**इस सत्र का सातवां एवं अन्तिम शिविर** भावना के ग्राम्यांचल एवं निर्धन -जन सेवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दिनांक 30.01.2025 को विकास खण्ड एवं तहसील बीकेटी जनपद लखनऊ के ग्राम देवरही में शीतकालीन सहायता शिविर श्री राम समग्र स्वास्थ प्रबंधन संस्थान प्रांगण में आयोजित किया गया। संस्था द्वारा कम्बल के उचित पात्रों का चयन निकटवर्ती ग्राम मोहम्मद पुर, रामपुर देवरही, पर्वतपुर, हरधौर पुर, भवानीपुर, अस्तिरोड, गोहाना, दिगोई, देवरही खुर्द, हाजीपुर, छोटी देवरही के वृद्ध, विधवा और दिव्यांग लोगों में से किया गया था।

शिविर में प्रकोष्ठ के संयोजक ई0 सुधीर कुमार वर्मा, भावना संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री प्रभात किरण चौरसिया, श्री टी एन कन्नौजिया, श्री जग मोहन लाल जायसवाल, श्री राम जीवन शुक्ला, श्री अमर नाथ धवन, श्री ए पी सिंह, श्री सुनील उप्रेती , श्री राम मूर्ति सिंह, श्री सुशील कपूर, तीन मुंबई कॉलेज के एमबीए के प्रशिक्षु छात्र श्री प्रांशु, सुश्री रिदा एवं सुश्री महिमा के साथ श्री राम समग्र स्वास्थ संस्थान के प्रबंध अधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर भावना के प्रतिनिधियों द्वारा ग्राम के चयनित गरीब बुजुर्गों, विकलांग एवं विधवाओं को शीत ऋतु में ठंड से बचाव हेतु 103 अदद नये ऊनी कम्बल वितरित किए गए। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीबों के लिए विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। भावना के सदस्यों द्वारा गरीबों को पुराने कपड़े और ऊनी वस्त्र भी वितरित किए गए।

**ई0 सुधीर कुमार वर्मा- संयोजक**